**STATUTORY NOTICE :-** The borrower/guarantor hereby notice do pay the sum mentioned above within 30 Days from the date of publication of this notice failing which the aforesaid property will be auctioned and balance if any will be recovered with interest and cost from you.

**Date : 23.11.2024**
**Place : INDORE**

**By Order**
**Authorised Officer**
**LIC Housing Finance Ltd**

## एक नजर

### मप्र के हर थाने में एक दिसंबर से साइबर हेल्प डेस्क

**भोपाल ,(निप्र)।** मध्यप्रदेश के हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। एक दिसंबर से प्रदेश के सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क का संचालन शुरू हो जाएगा। यहां पर पांच लाख रुपये तक की साइबर धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज कराई जा सकेंगी। जल्द शिकायत होने से पीड़ितों से ठगी की राशि भी साइबर पुलिस त्वरित कार्रवाई कर होल्ड करेगी। जिससे रिफंड होने की संभावना काफी बढ़ जाएगी। थानों की साइबर डेस्क में साइबर अपराध की इस चुनौती से निपटने के लिए शहर के हर थाने से दस पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके तहत पुलिसकर्मियों को साइबर अपराधों से जुड़ी बारिकीयों की जानकारी दी जा रही है। फिलहाल छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के 20 साइबर विशेषज्ञ पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बड़ी साइबर ठगी के शिकार लोगों को भदभदा स्थित राज्य साइबर पुलिस के कार्यालय में शिकायत दर्ज करानी होगी।

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव आज करेंगे गौ-शाला का भूमि-पूजन भोपाल के बरखेड़ी डोब में बनेगी हाइटैक गौ-शाला

**भोपाल ,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव बरखेड़ी डोब, भोपाल में 10 हजार गायों की क्षमता वाली हाइटैक गौ-शाला का भूमि-पूजन 23 नवंबर को प्रातः 10 बजे करेंगे। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के नेतृत्व में प्रदेश में वर्तमान वर्ष (चैत्र माह से फाल्गुन माह तक) गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए भोपाल के बरखेड़ी डोब में 10 हजार गायों की क्षमता वाली अत्याधुनिक गौ-शाला के निर्माण की योजना है। गौ-शाला लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बनाई जा रही है। इसमें गायों के आधुनिक तरीके से रख-रखाव के साथ ही उनके उपचार के लिए सभी संसाधनों से युक्त चिकित्सा वार्ड का भी निर्माण किया जाएगा। गौ-शाला में सीसी टीवी के माध्यम से निरंतर मॉनीटरिंग की व्यवस्था रहेगी।

### मोटर दुर्घटना में एक करोड़ से अधिक का क्लेम अवार्ड पारित

आष्टा,(निप्र)। प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण आष्टा पीठासीन अधिकारी श्रीमति शिप्रा पटेल द्वारा एक क्लेम प्रकरण में मृतिका के परिजनो को एक करोड़ से अधिक मुआवजा दिलाये जाने के आदेश दिये हैं। मृतिका के परिजन के अधिवक्ता सुरेन्द्र परमार, वीरेन्द्र परमार एडवोकेट ने बताया कि दुर्घटना 23.03.2023 को शाम के करीब 6 बजे मृतिका कनिका सक्सेना अपने परिवारजन के साथ कार क्र. एमपी 09-डब्ल्यू.जी.-4313 उज्जैन से सीहोर जा रही थी तभी कार चालक द्वारा अपनी कार को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाने की वजह से भोपाल इन्दौर हाईवे रोड़ जावर स्थित झिल्ला जोड़ के पास अचानक कार के सामने कुत्ता आ जाने से कार चालक का अपनी कार से नियंत्रण हट गया था और कार पलट गई थी जिसके फलस्वरूप कार में मौजूद कनिका सक्सेना आयु 33 वर्ष को गंभीर चोटे आयी थी परिणामस्वरूप उसकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना से उत्पन्न क्षतिपूर्ति हेतु मृतिका के परिवारजन द्वारा एक क्लेम आवेदन पत्र न्यायालय आष्टा में प्रस्तुत किया था जो क्लेम प्रकरण 50/23 श्रीमति हेमलता आदि विरूद्ध अमित आदि के नाम दर्ज था। जिसमे कार चालक, मालिक व कार की बीमा कम्पनी को पक्षकार बनाया था, संपूर्ण साक्षियो को दृष्टिगत रखते हुए व अभिलेख पर मौजूद दस्तावेजो का परिशीलन करते हुए आष्टा न्यायालय ने मृतिका के परिवारजनो को दि. 19.11.2024 को निर्णय देते हुए कुल 99 लाख 42 हजार रुपए एवं उस पर क्लेम याचिका प्रस्तुति दिनांक 15.06.2023 से 7 प्रतिशत का ब्याज दिलाया है।

### फ्रॉड से पहुंची धनराशि को किया पुलिस ने फ्रीज न्यायालय ने पीड़ित को दिलाई राशि

**आष्टा,(निप्र)।** ग्राम पदमश्री थाना आष्टा के निवासी सुनील मेवाड़ा आ. मदनसिंह के साथ 05/06/2024 को फिसिंग साइबर अपराध किया गया था जिसके अनुसार उनके एस.बी.आई. अकाउण्ट से 24,400/- रू का डेबिट मैसेज आया तो वह तुरन्त अपनी बैंक शाखा आष्टा में पहुंचे और उनके साथ घटित साईबर अपराध की लिखित सूचना दी जिस पर बैंक अधिकारियों की सलाह से उन्होंने साईबर सेल में शिकायत की। पुलिस थाना आष्टा ने तुरन्त कार्यवाही कर 9,000/- रू सेन्ट्रल बैंक, देवारोड़, चिनहट उ.प्र., 9,890/- रू एस.बी.आई. वाय.एन.रोड़ इन्दौर म.प्र. एवं 1,558/- रू एच.डी.एफ.सी. बैंक बेकुण्ठपुर उ.प्र. के खातों में फ्रॉड से स्थानान्तरित धनराशि फ्रीज कराई। सुनील मेवाड़ा ने विभिन्न बैंक शाखाओ में फ्रॉड से जमा हुई धनराशि वापस प्राप्त करने हेतु प्रिन्स अनुराग धारवाँ एडवोकेट से, जो साईबर क्राईम मे एल.एल.एम. है, से सम्पर्क किया। इस प्रकार का आष्टा में पहला ऐसा प्रकरण था जिसमे फ्रॉड करके धनराशि किसी एक खाते में जमा नहीं होकर तुरन्त तीन अन्य बैंकों में जमा हो गई थी लेकिन पुलिस थाना आष्टा के द्वारा इनको फ्रीज किया गया। न्यायिक दण्डाधिकारी एम.एन.एच. रजवी आष्टा ने अधिवक्ता अनुराग धारवाँ के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 503 भारतीय नागरिक सुरक्षा, 2023 को स्वीकार कर फ्रॉड की गई धनराशि विभिन्न बैंको से कलेक्ट कर सुनील मेवाड़ा के एस.बी.आई. आष्टा के खाते मे अंतरित करने एवं उसे सुपुर्दनामे पर देने का आदेश दिया। आष्टा न्यायालय में सम्भवतः यह पहला प्रकरण है कि उत्तर प्रदेश के दो विभिन्न बैंकों में तथा इन्दौर के बैंक में फ्रॉड द्वारा स्थानांतरित धनराशि को फ्रीज करने के बाद वापस आवेदक को प्राप्त हुई है।

### व्हाइट टॉपिंग तकनीक से सड़कों की गुणवत्ता में होगा सुधार पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत 21 जिलों के 41 मार्गों पर होगा कार्य

भोपाल ,(निप्र)। मध्यप्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और यातायात को सुगम बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष ध्यान दे रहा है। विभाग ने सड़क निर्माण की अत्याधुनिक व्हाइट टॉपिंग तकनीक को अपनाने का निर्णय लिया है। इस दिशा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 जिलों में चयनित 41 मार्गों पर इस तकनीक को लागू किया जाएगा। इन मार्गों की कुल लंबाई 109.31 किलोमीटर है। योजना को नवंबर के अंत तक शुरू करने की तैयारी है, और इसे अगले 4 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वाइट टॉपिंग सड़क निर्माण की एक आधुनिक तकनीक है, जिसमें पुरानी डामर सड़कों पर कंक्रीट की मोटी परत चढ़ाई जाती है। यह प्रक्रिया सड़कों को न केवल मजबूत और टिकाऊ बनाती है, बल्कि उनकी आयु 20 से 25 वर्षों तक बढ़ा देती है। इस तकनीक में सबसे पहले डामर सड़क की सतह को साफ किया जाता है, फिर 6 से 8 इंच मोटी कंक्रीट की परत डाली जाती है, जो भारी यातायात और खराब मौसम का सामना करने में सक्षम होती है।

# मुख्यमंत्री बोले–एक और एक ग्यारह बनकर काम करेंगे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने नागपुर में एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले को किया संबोधित

भोपाल ,(निप्र)। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि कृषि आधारित उद्योगों को घर-घर पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र मिलकर काम करेंगे। एक और एक दो नहीं, एक और एक ग्यारह बनकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को नागपुर में आयोजित एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह मात्र मेला नहीं बल्कि यह भविष्य के सुशासन की समृद्धशाली भारत और प्रदेश के बनने की इसने नींव डाली है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी सामाजिक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने वाले सिद्धहस्त डॉक्टर हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कृषि आधारित कामों के आधार पर प्रदेश की पहचान होती है। मैं तारीफ करता हूँ कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार घर-घर में कृषि आधारित मत्स्य पालन, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन जैसे घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्पादन, उत्पादकता तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उत्पादों के लिए पर्याप्त बाजार उपलब्ध कराने पर भी फोकस किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के मंत्री एवं अधिकारियों का एक दल मेले के अवलोकन एवं अध्ययन के लिए भेजा जाएगा।



### गौ-पालन से बढ़ेगी आमदनी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने गौ-पालकों की आय बढ़ाने अनेक योजनाएं क्रियान्वित की हैं। उन्होंने कहा कि हम श्रीकृष्ण को मानने वाले हैं, जिनके घर गायें है वे गोपाल हैं और जिनके घर में गाय का कुल है वह घर गोकुल है। मराठी में बछड़े-बछिया को गौरा और गौरी कहते हैं। हमने गौ-पालकों को गाय के स्थान पर गौरी देने की योजना बनाई है। गौ-पालक 5 गौरी ले जाएं और अपने घर पर उनको बड़ा करें, गौ-पालक 2 गाय अपने घर में ही रख लें और 3 गायें हम खरीदेंगे। गौ-पालक दूध का विक्रय करेंगे उससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

### कांजी हाउस की कैद से मिलेगी मुक्ति

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि हम निराश्रित और ऐसी गायों को जिनकी दूध देने की क्षमता न्यून या शून्य हो गई है और गौ-पालकों ने उन्हें निराश्रित छोड़ दिया है, को आश्रय देने की दृष्टि से नगरीय क्षेत्रों में गौ-शालाओं का निर्माण करने जा रहे हैं। इस अनुक्रम में भोपाल में 10 हजार गायों की क्षमता वाली गौ-शाला का भूमि-पूजन होने जा रहा है। इससे सड़कों पर निराश्रित गौ-वंशों से होने वाली दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने मध्यप्रदेश में कांजी हाउस, खेड़ा जैसे कैद खानों को भी बंद करने का निर्णय लिया है। मूक पशुओं को जेल में रखने का कोई औचित्य नहीं है।

### महाराष्ट्र मेरा पुश्तैनी घर

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि महाराष्ट्र मे आकर ऐसा लगा जैसे मैं अपने घर आ गया हूँ। माता अहिल्या और महादजी सिंधियां की पृष्ठ भूमि महाराष्ट्र राज्य से जुड़ी हुई है। माता अहिल्या को मैं प्रणाम करते हैं। जिन्होंने उस समय खेती के लिए सिंचाई व्यवस्था के रूप में कुओं का निर्माण करवाया।




## मैदानी स्तर पर मजबूत संगठनात्मक ढ़ाचे की आवश्यकताः जितेन्द्र सिंह

भोपाल ,(निप्र)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अध्यक्षता में आज प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों, जिसमें उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव और सह सचिव शामिल है की महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई।

बैठक में अभा कांग्रेस के महासचिव जितेन्द्र सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से उनके दायित्वों, कर्तव्यों पर अपेक्षाकृत संगठनात्मक कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध किया। पदाधिकारियों को सौंपे गये प्रभार और उनकी कार्यप्रणाली को लेकर सक्रियता से काम करने हेतु कहा गया। वहीं नगरीय निकायों में वार्ड कमेटी और मोहल्ला कमेटी के गठन को लेकर चर्चा करते हुये उनके विचार जाने। सिंह ने कहा कि मैदानी स्तर पर मजबूत संगठनात्मक ढांचे की आवश्यकता है। संगठनात्मक मजबूती के लिए बूथ स्तर तक सकारात्मकता के साथ काम करें। 30 से 40 घरों की मोहल्ला कमेटी बनाई जायेगी जिसमें बूथ कमेटी के सदस्य शामिल रहेंगे। संगठन को पूरे अनुशासन के साथ संचालित किया जायेगा। जहां जिसकी सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री पटवारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुये अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी संघर्ष के दौर से गुज रही है। मैं भी आप सभी की तरह हैं। उन्हें जो जिम्मेदारी अभा कांग्रेस कमेटी द्वारा दी गई है उसको निभाने के लिए आपसभी से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा है। हम सभी को एक साथ मिलकर काम करना है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए जो भी कार्यशैली अपनाना पड़े। उसे हम सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकर योजना बनाकर संगठन की मजबूती के लिए पूरी सक्रियता से काम करेंगे।

जीतू पटवारी ने कहा कि बैठक में सभी पदाधिकारियों से सुझाव लिये गये जिसमें संगठन की मजबूती के लिए सर्वसम्मति से पांच प्रस्ताव पारित किये गये। प्रस्तावों पर सभी ने अपनी सहमति व्यक्त की। जिसमें ग्राम पंचायत, वार्ड पंचायत, बूथ स्तर पर संगठन को कैसे मजबूत किया जाये, संगठन से लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए किस प्रकार प्रक्रिया अपनायी जाये। नगरीय निकाय क्षेत्र में वार्ड कांग्रेस का गठन किया जाना। जिलों में सौंपे गये प्रभारियों के दायित्वों, क्रियान्वयन और प्रगति रिपोर्ट, एक माह में वार्ड कमेटी एवं ग्राम पंचायत कमेटी के गठन को लेकर जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचा तैयार करना, विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव किया जाना आदि प्रमुख हैं।

पटवारी ने कहा कि जो जिला प्रभारी बनाये जायेंगे वे अपने प्रभार के जिले में संगठन की मजबूती के लिए बूथ से लेकर जिला स्तर के कांग्रेसजनों के साथ समन्वय बनाकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करें। आगामी फरवरी-मार्च माह में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक अधिवेशन बुलाया जायेगा। यह कांग्रेस पार्टी का मध्यप्रदेश का पहला अधिवेशन होगा। वहीं श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश में 20 सालों से भाजपा की सरकार है। भ्रष्टाचार, किसानों के साथ अन्याय, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़, दलितों-आदिवासियों पर अत्याचार से जहां एक और जनता आक्रोषित हैं वहीं दूसरे और महंगाई और बेरोजगारी से प्रदेश की जनता हलाकान है। हम सभी को मिलकर इस भीषण समस्याओं से जनता को न्याय दिलाने के लिए पूरी आक्रामकता के साथ मैदानी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।



## कचरे का ढेर देख भड़कीं महापौर कर्मचारी और अधिकारियों को लगाई फटकार

### दरोगा के 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश

भोपाल ,(निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की एक समय देश के सबसे स्वच्छ शहरों में गिनती होती थी। इसकी वजह जहां नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी की मेहनत थी। वहीं राजधानी की जनता का भी इसमें पूरा सहयोग था। लेकिन अब राजधानी भोपाल स्वच्छता के मामले में लगातार पिछड़ती जा रही है। वही इंदौर स्वच्छता के मामले में सबसे आगे है। भोपाल में जहां एक तरफ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जगह-जगह अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं कई जगह कचरो का ढेर देखने को मिल रहे है। शुक्रवार को भोपाल की महापौर मालती राय निरीक्षण करने निकली थी। इस दौरान उन्हें कई जगह गंदगी देखने को मिली। जिस पर उन्होंने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही वार्ड दरोगा का 10 दिन की सैलरी काटने के निर्देश भी दिए।

**क्षेत्र में बढ़ रहे अतिक्रमण हटाने के निर्देश**–नगर निगम जोन 15 के वार्ड 66 जेके रोड से आनंद नगर तक स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को सुबह महापौर मालती राय ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में बढ़ रहे अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए। महापौर ने स्वच्छता अभियान के तहत निरीक्षण के दौरान गंदगी देख दरोगा को फटकार 10 दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश अधिकारियों को दिए।

## एमपी में अडानी के प्रोजेक्ट की कांग्रेस ने की जांच की मांग

भोपाल ,(निप्र)। अडानी पर अमेरिका में एफआईआर होने के बाद जहां कांग्रेस देशभर में सरकार को घेर रही हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह ने भी सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। अडाणी के एमपी में चल रहे प्रोजेक्ट के जांच की मांग कांग्रेस ने की है। भोपाल में शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश कार्य समिति की बैठक के दूसरे दिन प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह ने कहा कि कुछ लोगों को देश का सारा धन दिया जा रहा है। यह बात अब साबित होने लगी। जिस तरह से अडाणी का शेयर बढ़ा है और जनता को भ्रमित किया गया है उसके लिए मोदी सरकार जिम्मेदार है। बीजेपी प्रवक्ता अडाणी प्रवक्ता के तौर पर काम कर रहे हैं। जितेंद्र भंवर सिंह ने कहा कि बिजली कंपनियों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। अधिकारियों ने कब कितना पैसा लिया है इसका पूरा खुलासा एफबीआई ने किया है। अदाणी और केन्द्र सरकार का चोली दमन का रिश्ता है। सारे फायदे वाले काम अडाणी और उनके सहयोगियों को दिए जा रहे हैं।रक्षा संबंधी सौदे से जुड़े काम हो या मुंबई के धारावी में एक लाख करोड़ की जमीन। देश के सारे बड़े काम अडाणी को दिए जा रहे। इतने बड़े मामले सामने आने के बाद ही ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स को कुछ दिखाई नहीं दे रहा है पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि बीजेपी के नेता हमेशा अडाणी का बचाव करते रहे हैं। भाजपा सरकार हम दो हमारे दो वाली नीति पर चल रही है। जिनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केस दर्ज हुए हैं वह सब नरेंद्र मोदी के दोस्त हैं। पटवारी ने कहा कि 2234 करोड़ की रिश्वत ऊर्जा विभाग के अफसरों को दी गई है।

## पंचायत स्तर तक कांग्रेस को करेंगे मजबूत

भोपाल ,(निप्र)। मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में दो दिवासीय मंथन का दौर खत्म हो गया है। मंथन के अंतिम दिन जीतू पटवारी की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक भी आयोजित हुई। बैठक में शामिल होने के बाद कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने कहा मध्य प्रदेश में कांग्रेस को पंचायत स्तर तक कैसे मजबूत किया जाएगा। इस पर चर्चा की गई है। तमाम कांग्रेस के दिग्गज एक साथ मिलकर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। यही नहीं मोहल्ला कमेटी का खाका भी जल्द तैयार कर लिया जाएगा। इसके बाद पार्टी मोहल्ला स्तर पर संगठन को मजबूत करते हुए दिखाई देगी।


**भारतीय स्टेट बैंक** | क्षेत्रीय व्सवसाय कार्यालय 5, वाय. एन. रोड, इन्दौर

**टाउनहॉल मीटिंग दिनांक 26.11.2024**

**भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, इंदौर** के द्वारा **दिनांक 26.11.2024 को इंदौर शहर में टाउन हॉल मीटिंग** आयोजित की जा रही है। टाउनहॉल मीटिंग का केंद्रीय विषय ग्राहक अनुभव संवर्धन रहेगा। भारतीय स्टेट बैंक के सम्मानित ग्राहक होने के नाते आपकी उपस्थिति हमारे लिए मायने रखती है। आप मीटिंग में सादर आमंत्रित है।

टाउनहॉल मीटिंग **दिनांक 26.11.2024 को संध्या 4:30 बजे से प्रारंभ होकर 90 मिनट** की होगी। मीटिंग का आयोजन स्थल निम्नानुसार है -

**इंदौर टेनिस क्लब, 7, रेसकोर्स रोड, इंदौर - 452003**

**संपर्क सूत्र - श्री वैभव पालिवाल, मुख्य प्रबंधक (परिचालन), मोबाइल नंबर - 75099 99253, सुश्री रचना मोदी, मोबाईल नंबर - 91650 12515**

**क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, इंदौर**

**कार्यालय नगर परिषद कुक्षी जिला धार मप्र**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

Online item Rate bids are invited for following works As per the requirement of council installations of speed breakers at major heavy traffic spots of Kukshi town, tender no. 2024_UAD_383792_1, PAC-3.50 Lacs, EMD 3500/- Tender form fees 2,000(website www.mptenders.gov.in, bid submission end date 30-11-2024 18.00 pm)

**Chief Municipal Officer**
**Nagar Parishad Kukshi**


**न्यायालयः- हर्ष राज दुबे द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कुक्षी, जिला धार म.प्र.**

**सर्टिफिकेट मिलने के लिये हुई दरख्वास्त का नोटिस इंडियन सक्सेशन एक्ट सन 1925 दफा 372**

वारसा प्रकरण क्रमांकः- 10 /2024
नियत दिनांक 25.11.2024

सायलः- 1. कलाबाई अलावा पति रामसिंह अलावा जाति भीलाला उम्र 44 वर्ष निवासी दवडीपुरा बलवानी तहसील डही जिला धार म.प्र. ..आवेदकगण

**विरूद्ध**

1. सर्वसाधारण आम जनता वे समस्त जिनका कि (सायल) इससे संबंध होः- ..अनावेदक

क्योंकि, आवेदीका कलाबाई अलावा पति रामसिंह अलावा जाति भीलाला उम्र 44 वर्ष निवासी दवडीपुरा बलवानी तहसील डही जिला धार म.प्र. द्वारा मृतक रामसिंह पिता सुमला जाति भीलाला नविासी बवछीपुरा बलवानी तहसील डही जिला धार म.प्र. की दुर्घटना में मृत्यु उपरांत क्लेम अवार्ड में मृतक की पत्नी झेतरीबाई को 200000/- दो लाख रूपय प्रतिकर राशि दिये जाने का आदेश पारित किया गया था। झेतरीबाई की मृत्यु दिनांक 24.10.2022 को हो चुकि है। जिससे आवेदीका मृतक की उत्तराधीकारी होकर मृतक के प्रतिकर राशि 200000 दो लाख रुपए प्राप्त करने तथा उक्त राशि का ब्याज पाने एवं अन्य सहायकता जो न्याय साम्य एवं विधान अनुसार प्राप्त करने के लिये सकसेशन सर्टिफिकेट मिलने के लिये धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 के अंतर्गत दरख्वास्त पेश की है और दरख्वास्त की सुनावाई दिनांक 25.11.2024 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष होगी यदि उक्त सायल के द्वारा प्रस्तुत दरख्वास्त के संबंध में अनावेदकगणं या सर्वसाधारण की ओर से कोई आपत्ति हो तो स्वयं या मारफत अपने अभिभाषक के पेशी दिनांक 25.11.2024 को इस न्यायालय में उपस्थित रहकर करे। यदि उस दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता हो तो प्रकरण में आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी। हमारे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 19.11.2024 को जारी ।

**हर्ष राज दुबे**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कुक्षी, जिला धार म.प्र.**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बुरहानपुर**

निविदा सूचना क्रमांकः कल्या. योजना / 2024/01 — बुरहानपुर दिनांक :- 20.11.2024

**निविदा सूचना 2024-25 ::**

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in के माध्यम से खाद्य विभाग में पंजीकृत व्यक्ति/ संस्था / फर्म से टैण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | टेण्डर आइ.डी नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुं. लागत रू.लाख में | अमानत राशि | टैण्डर फार्म की लागत | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_383279_1 | मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत दिनांक 08.12.2024 को कन्या विवाह स्थल पर भोजन हेतु समस्त व्यवस्था, मटेरियल सहित तैयार कर वितरण करने का कार्य । | 08.06 | 8500/- | 2000/- | 01 दिवस |
| 2 | 2024_UAD_383281_1 | मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत दिनांक 08.12.2024 को कन्या निकाह स्थल पर भोजन हेतु समस्त व्यवस्था, मटेरियल सहित तैयार कर वितरण करने का कार्य । | 09.96 | 10000/- | 2000/- | 01 दिवस |

ऑनलाइन क्रय क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि AS per key date कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.inl पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बुरहानपुर**

**DP D.P. Jewellers**
A BOND OF TRUST SINCE 1940
A VENTURE OF D.P. ABHUSHAN LIMITED

**डी. पी. आभूषण लिमिटेड**
**CIN: L74999MP2017PLC043234**
**रजिस्टर्ड ऑफिस :** 138 चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.) - 457001
**कॉर्पोरेट ऑफिस :** 19 चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.) 457001
**फोन:** 07412-247122 । **ईमेल:** cs@dpjewellers.com
**वेब:** www.dpjewellers.com

**डाक मत पत्र की सुचना**

कंपनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') की धारा 108 और 110 के प्रावधानों और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) 2014 (समय-समय पर संशोधित) (''नियम'') के नियमों के नियम 20 और 22 के साथ पठित अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, और सेबी के विनियम 44 (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सेबी लिस्टिंग विनियम) और अन्य लागू कानून और विनियम, के अनुसार नोटिस दिया जाता है, कि डी. पी. आभूषण लिमिटेड (''कंपनी'') के सदस्यों का अनुमोदन, पोस्टल बैलेट और रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया का पालन करके रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग) के माध्यम से दिनांक 20 नवंबर, 2024 के पोस्टल बैलेट की सूचना में बताए गए विशेष व्यवसायों के लिए मांग की जा रही है।

सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021, 3/2022 दिनांक 5 मई, 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022, 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 और 09/2024, दिनांक 19 सितंबर, 2024 (''एमसीए परिपत्र''), कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक रूप में पोस्टल बैलट नोटिस का प्रेषण पूरा कर लिया है अर्थात 21 नवंबर, 2024 को केवल ई-मेल के माध्यम से कंपनी के सभी शेयरधारकों को, जिनके नाम कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट द्वारा बनाए गए सदस्यों के रजिस्टर में शुक्रवार, 15 नवंबर 2024 (''कट ऑफ डेट'') को दिखाई देते हैं और पोस्टल बैलेट फॉर्म और प्री-पेड बिजनेस लिफाफे के साथ इस नोटिस की हार्ड कॉपी इस पोस्टल बैलेट के लिए शेयरधारकों को नहीं भेजी जाएगी। तदनुसार, सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से होगा।

एमसीए परिपत्रों के आलोक में, इस पोस्टल बैलेट के लिए रिमोट ई-वोटिंग के लिए, शेयरधारक चाहे डीमैट रूप में या भौतिक रूप में इक्विटी शेयर रखते हों और जिन्होंने अपने ईमेल पते जमा नहीं किए हैं और जिसके परिणामस्वरूप रिमोट ई-वोटिंग नोटिस प्राप्त नहीं हुआ हो, अस्थायी रूप से कंपनी के साथ पंजीकृत अपने ई-मेल पते प्राप्त कर सकते हैं, जहां 1) भौतिक मोड में शेयर होने के मामले में, कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) को ईमेल द्वारा cs@dpjewellers.com पर भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। 2) यदि शेयर डीमैट मोड में हैं, तो कृपया डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकों की डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंकों की लाभार्थी आईडी), नाम, ग्राहक मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन कॉपी) cs@dpjewellers.com प्रदान कर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।, या 3) वैकल्पिक रूप से सदस्य बिंदु (ए) या (बी) में बताए गए विवरण को evoting@nsdl.co.in पर एक ई-मेल अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

कंपनी ने सभी सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (''एनएसडीएल'') के साथ एक समझौता किया है। सदस्य ध्यान दें कि मतदान की अवधि शनिवार, 23 नवंबर, 2024 (09:00 पूर्वाह्न) से शुरू होती है और रविवार, 22 दिसंबर, 2024 (शाम 05:00 बजे) (दोनों दिन शामिल) को समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, व्यक्ति जिसका नाम शुक्रवार, 15 नवंबर, 2024 (कट-ऑफ डेट) को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा। रिमोट ई-वोटिंग और ऐसे सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके बाद एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा और उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। सदस्य द्वारा एक बार किसी संकल्प पर मतदान कर दिए जाने के बाद, उसे बाद में इसे बदलने या फिर से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पोस्टल बैलेट नोटिस में मतदान की विस्तृत प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने मेसर्स ALAP & CO. LLP कंपनी सचिव (FRN: L2023GJ013900) को डाक मतपत्र और रिमोट ई-वोटिंग के संचालन के लिए और रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्राप्त वोटों की पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए स्क्रूटिनाइज़र के रूप में नियुक्त किया है।

डाक मतपत्र का परिणाम मंगलवार, 24 दिसंबर, 2024 को पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में घोषित किया जाएगा और कंपनी की वेबसाइट www.dpjewellers.com पर भी पोस्ट किया जाएगा और उसी दिन स्टॉक एक्सचेंज, रजिस्ट्रार, शेयर ट्रांसफर एजेंट और ई-वोटिंग एजेंसी को सूचित किया जाएगा।

जिस सदस्य को पोस्टल बैलेट नोटिस नहीं मिला है, वह cs@dpjewellers.com पर ई-मेल भेज सकता है या evoting@nsdl.com पर एनएसडीएल को आवेदन कर सकता है और पोस्टल बैलेट नोटिस की एक प्रति प्राप्त कर सकता है। पोस्टल बैलट नोटिस को कंपनी की वेबसाइट www.dpjewellers.com और ई-वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

रिमोट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के संबंध में किसी भी प्रश्न/शिकायत को सुश्री आशी नीमा, कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी, डी.पी. आभूषण लिमिटेड, 19, चांदनी चौक, रतलाम, मध्य प्रदेश - 457001 को ईमेल आईडी: cs@dpjewellers.com पर भेजा जा सकता है, या कंपनी के आरटीए को 022-62638200 पर कॉल की जा सकती है या investor@bigshareonline.com पर भी ईमेल कर सकते है ।

किसी भी प्रश्न के मामले में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 022-48867000 पर कॉल कर सकते हैं, या evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते है ।

**डी. पी. आभूषण लिमिटेड के लिए**
हस्ताक्षरित/-
**आशी नीमा, कंपनी सचिव**

**स्थान:** रतलाम
**दिनांक:** 21 नवंबर, 2024